दिन– शनिवार | दिनांक– 09 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी जारी रखने की मंजूरी दी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल सामाजिक सुरक्षा पेंशन की दूसरी किस्त जारी करेंगे। एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभुकों के खाते में होगी अंतरित।

03. भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, भागलपुर, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, और किशनगंज समेत नौ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

05. और, राजगीर में आज से एशिया अंडर–ट्वेंटी रग्बी सेवेन्स चैंपियनशिप के मुकाबले खेले जा रहे हैं। पहला मुकाबला हांगकांग और श्रीलंका के बीच।

---

केंद्र सरकार ने बारह हजार करोड रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सबसिडी जारी रखने को स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के फैसले के बारे में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार रसोई गैस सिलेंडर पर तीन सौ रूपये तक की सब्सिडी देगी।

–––बाइट–––

---

प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत बढ़ी हुई राशि की दूसरी किस्त कल जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में आयोजित कार्यक्रम में एक करोड़ बारह लाख से अधिक लाभुकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर में पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि ग्यारह सौ रुपये की पहली किस्त का भुगतान पिछले महीने ग्यारह जुलाई को किया गया था। सामाजिक पेंशन योजना के तहत छह प्रकार की पेंशन दी जाती है।

---

रेलवे ने साढे चार किलोमीटर लंबी मालगाड़ी–रुद्राष्ट्र का सफल परीक्षण कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, यह एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी है। परीक्षण के दौरान इस मालगाड़ी ने उत्तरप्रदेश में चंदौली के गंजख़्वाजा रेलवे स्टेशन से झारखंड के गढवा के बीच की दो सौ नौ किलोमीटर की दूरी साढे चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से पांच घंटे दस मिनट में तय की। इस ट्रेन में सात इंजन और तीन सौ पैंतालीस वैगन लगे हैं।

---

प्रदेश में अस्थाई कामगारों यानि गिग वकर्स के हितों की रक्षा के लिए बोर्ड का गठन किया जाएगा। श्रम आयुक्त राजेश भारती ने बताया कि इस बोर्ड के माध्यम से कामगारों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में इंटरनेशनल जस्टिस मिशन– आईजेएम और इंडस एक्शन इनिशिएटिव के साथ श्रम संसाधन विभाग ने दो समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। गौरतलब है कि विधानमंडल के मानसून सत्र में कामगार बोर्ड के गठन के लिए विधेयक पारित किया गया था।

---

राज्य सरकार ने किन्नर कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन किया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार विभागीय मंत्री मदन सहनी बोर्ड के अध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं, समाज कल्याण समेत इक्कीस विभागों के सचिव इसके सदस्य होंगे। इसके अलावा ट्रांसजेंडर अनुप्रिया सिंह, अद्विका चौधरी, संतोष कुमार, साजन कुमार और बबली किन्नर समेत सात गैर सरकारी सदस्य बनाए गए हैं। बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने झारखंड को पटना जोन से अलग कर दिया है। वर्ष दो हजार छब्बीस में होने वाली दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा अलग–अलग जोन स्तर पर आयोजित होगी। शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस की बोर्ड परीक्षा में पटना जोन में केवल बिहार के विद्यार्थी ही शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में पटना जोन में बिहार के एक हजार तीन सौ तीस और झारखंड के छह सौ नब्बे स्कूल पंजीकृत है।

---

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

–––म्यूजिक–––

इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प लेते हैं। इधर, रक्षा बंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश और प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वन विभाग रक्षाबंधन के पर्व को वृक्ष सुरक्षा दिवस के रूप में मना रहा है। इसके लिये वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर जीवन भर सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है। इस मौके पर आज पटना स्थित इको पार्क में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वृक्ष को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे।

–––म्यूजिक–––

---

रक्षाबंधन के अवसर पर आज और कल दो दिन तक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में महिलाओं और छात्राओं के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। यह सुविधा आज सुबह से शुरू हो गयी है, जो कल रात तक जारी रहेगी। निगम के अनुसार इसमें पिंक, साधारण, डिलक्स और नगर सेवा की बसें भी शामिल हैं।

---

मानूसन की सक्रियता के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में अच्छी बारिश हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पटना और आस–पास के इलाकों में कल देर रात से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, भागलपुर, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, और किशनगंज समेत आस–पास के नौ जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी समेत कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

---

इधर, नदियों में भारी उफान के कारण  पटना, बक्सर, मधुबनी, शेखपुरा, खगड़िया और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुई बारिश से राहत कार्य में बाधा आने के साथ ही बाढ़ पीड़ितों की परेशानियां बढ गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पटना जिले के आठ प्रखंडों में बाढ़ प्रभावित लोगों ने सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट––––

शेखपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में हरोहर नदी का जलस्तर बढ़ने से पानापुर पंचायत के सभी गांवों में बाढ़ का  पानी प्रवेश कर गया है।

–––रिपोर्ट–––

शेखपुरा जिले के घाटकुसुंभा प्रखंड से गुजरने वाली गंगा की सहायक हरोहर नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे प्रखंड क्षेत्र की पानापुर पंचायत के सभी गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। सड़कों पर पानी चढ़ने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। सैकड़ो एकड़ में लगी फसल भी पूरी तरह जलमग्न हो गयी है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों के बीच सरकारी नाव के माध्यम से पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए शेखपुरा से निरंजन कुमार।

बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से दियारा इलाकों का मुख्य इलाकों से सड़क संपर्क भंग हो गया है।

–––रिपोर्ट–––

बक्सर जिले के ब्रहमपुर प्रखंड के दियारे इलाके में गंगा के बढ़ते जल स्तर से उतरी इलाके मे सड़क संपर्क भंग हो गया है। ब्रहमपुर नैनीजोर सड़क पर दो जगहो पर पानी चढ़ जाने से यातायात प्रभावित हो गया है गगा सही धर्मावती  नदी और गोकुल जलासय में बाढ़ का पानी  भरने के कारण क्षेत्र की एक दर्जन गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय टूट गया है। जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों के सहायता के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

---

भागलपुर जिले में भी गंगा के बढ़ते जलस्तर से कई प्रखंडों के दर्जनभर गांवों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। इधर, मुंगेर जिले में भी नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ गया है। मधुबनी जिले में भूतही बलान नदी में उफान से इस्लामपुर–कालीपुर और घोघरडीहा–हटनी सड़क पर बाढ़ का पानी

फैल गया है। खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में गंगा, कोसी, बूढ़ी गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण परबत्ता, गोगरी, बेलदौर और सदर प्रखंड के कई पंचायतों और खगड़िया नगर निकाय क्षेत्र के वार्ड नम्बर–तीस तक पानी फैल गया है।

---

अररिया जिले के सिकटी प्रखंड क्षेत्र के सतबैर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन महिलायें झुलस गई। यह सभी बारिश के दौरान खेतों में धान रोपनी का काम कर रही थी।

---

राजगीर खेल परिसर में आज से एशिया अंडर–ट्वेंटी रग्बी सेवेन्स चैंपियनशिप के मुकाबले खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला अब से थोड़ी देर में हांगकांग और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। भारत चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरूआत पुरूष वर्ग में यूएई के साथ मुकाबले से करेगा। जबकि महिला वर्ग में भारत का पहला मुकाबला कजाकिस्तान के साथ होगा। आज प्रतियोगिता के लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। इधर, प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह को देखते हुए प्रवेश निःशुल्क कर दिया गया है।

---

निर्वाचन आयोग की ओर से एसआईआर के दूसरे चरण की समीक्षा के लिये पर्यवेक्षक दल के सदस्य नजमुल होदा की अध्यक्षता में अरवल जिले में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने सीतामढी में मां सीता के भव्य मंदिर के शिलान्यास से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– पुनौराधाम में मां सीता के मंदिर से मिथिला का भाग्योदय

**हिन्दुस्तान** ने गृहमंत्री अमित शाह के हवाले से इसी खबर का शीर्षक दिया है– घुसपैठिये विपक्ष के वोट बैंक

**दैनिक भास्कर** लिखता है– शिक्षा मंत्री सुनील कुमार बोले– टीआरई–चार के पहले एसटीईटी संभव नहीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी जारी रखने की मंजूरी दी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल सामाजिक सुरक्षा पेंशन की दूसरी किस्त जारी करेंगे। एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभुकों के खाते में होगी अंतरित।

03. भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, भागलपुर, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, और किशनगंज समेत नौ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

05. और, राजगीर में आज से एशिया अंडर–ट्वेंटी रग्बी सेवेन्स चैंपियनशिप के मुकाबले खेले जा रहे हैं। पहला मुकाबला हांगकांग और श्रीलंका के बीच।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।